# गली-गली में बैठे 'यमदूत' 14 दुकानों पर सीलबंद ताले

**खास बातें**

- झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक और मेडिकल सील बंद
- कलेक्टर के निर्देश पर बनी टीम ने की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 4 जुलाई. जिले भर में गली गली में झोला छाप डाक्टारों ने अपनी दुकाने खोल रही हैं इनके पास न तो कोई डिग्री होती है और न ही इलाज का कोई लंबा तर्जुबा होता है, कुछ दिन किसी क्लीनिक पर काम करने के बाद यह झोला छाप डाक्टर अपनी डाक्टरी की दुकान भगवान के नाम से खोलकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर पैसा कमाने में जुट जाते हैं.**

पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए जिनमें झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से कई मरीजों जान गई या फिर आफत में जान आ गई, विगत दिनों लटेरी में भी 2 साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई इस बच्चे का इलाज भी झोला छाप डाक्टर कर रहा था.बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य, प्रशासन और पुलिस ने इस डाक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया, बच्चे की मौत के बाद जागे सरकारी सिस्टम ने ताबड़तोड़ कार्रवाही करते हुए एक ही दिन में जिले में 14 झोलाछाप दुकानों पर सीलबंद ताले जड़ दिए.

### सैकड़ों की संख्या में चला रहे दुकान

शहर एवं ग्रामीण अंचलों में दर्जनों की तादाद में अपंजीकृत एवं अनाधिकृत क्लीनिक संचालित हो रहे हैं. जहां पर झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की हर तरह की बीमारी का बेधड़क होकर उपचार कर देते है. इनके द्वारा मरीजों का इंजेक्शन लगाने से लेकर मरीज की हर प्रकार की बीमारी का ईलाज कर दिया जाता है. जिससे कई बार मरीजों की जान पर भी बन आती हैं. इनमें से कई क्लीनिक संचालकों के पास पर्याप्त वैध दस्तावेज भी नही है. बावजूद इसके इन क्लीनिकों में मरीज की हर प्रकार की बीमारी का ईलाज कर दिया जाता है. जब एक बार मरीज उनके चंगुल में फंस जाता है, तो यह ईलाज के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूलते है.

यह क्लीनिक संचालक अपने क्लीनिकों को वैध बताते हैं. वही जब कार्यवाही होती है, तो यह क्लीनिकों को बंद कर भाग खड़े होते हैं. दुसरी तरफ जब कोई घटना होती है तो प्रशासन भी हरकत में आ जाता है तथा इन क्लीनिकों की जांच पड़ताल शुरू हो जाती है. क्षेत्र में पूर्व में भी प्रशासन द्वारा कई बार इन अपंजीकृत, अनाधिकृत रूप से संचालित क्लीनिक, अस्पतालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई. लेकिन यह कार्यवाही लगातार जारी न रहने से इन अवैध क्लीनिक संचालकों एवं झोलाछाप डॉक्टरों के हौंसले बुलंद है.

**इन झोलाछाप दुकानों पर लगे ताले**

झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक और मेडिकल सील बंद करने की कार्यवाही की गई है उनमें करैया खेड़ा रोड स्थित महाकाल क्लिनिक, पीतल मिल चौराहा स्थित श्री सेवा मेडिकल एवं क्लिनिक और प्राइवेट क्लीनिक नीलेश जैन, विदिशा के वकील साहब की कॉलोनी स्थित साईं क्लिनिक, नटेरन स्थित गायत्री क्लिनिक, नया गोला नटेरन स्थित शर्मा क्लिनिक, हाजीपुर सिरोंज स्थित कुशवाहा क्लिनिक संचालक हरिओम कुशवाहा, ग्राम हांसुआ स्थित कृष्णा क्लिनिक संचालक आरएस तोमर और विश्वकर्मा क्लिनिक संचालक विनोद कुमार विश्वकर्मा, स्वरूप नगर त्योंदा रोड गंजबासौदा स्थित सांई दवाखाना, मलनिया रोड लटेरी स्थित अभिषेक नामदेव प्राइवेट क्लीनिक और कृष्णा पैथोलॉजी प्राइवेट पैथोलॉजी संचालक राजनीता अहिरवार शामिल हैं. झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक एवं मेडिकल की जांच व सीलबंद कार्रवाई के लिए जांचकर्ता अधिकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पुनीत माहेश्वरी, बीएमओ नटेरन डॉक्टर नीतू सिंह राय, बीएमओ सिरोंज डॉक्टर विकास बघेल, बीएमओ विदिशा डॉक्टर हेमंत कुमार पंचोली, बीएमओ लटेरी डॉक्टर अभिषेक उपाध्याय के द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है.



## मेधावी विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप के चेक

लैपटॉप मिलने से बच्चों को कौशल निखारने में होगी सुविधा: प्रभारी मंत्री

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 04 जुलाई. रायसेन शहर के सागर तिराहे स्थित चिड़िया टोल वन परिसर के कम्युनिटी हॉल में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम रखा गया. जिसमें मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार , सांची सीट के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरीपूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया.**

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और निरंतर काम कर रही है. सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है. यह सरकार की तरफ से तकनीकी शिक्षा की दिशा में बड़ी सौगात है.

प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि के चेक प्रदान किए गए हैं.विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलने से अपने ज्ञान को बढ़ाने, कौशल को निखारने में सुविधा होगी. उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना विद्यार्थियों को विज्ञान और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए संचालित की जा रही है.

आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इस लैपटॉप से उच्च शिक्षा अध्ययन की विभिन्न शैलियों में सहायता प्राप्त होगी. लैपटॉप से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी. सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने राशि प्रदान की गई है. यह बच्चों की पढ़ाई के लिए मददगार होगा. सरकार हर तरीके से बच्चों के शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है. बच्चे हमारे देश-प्रदेश का भविष्य हैं. यही मेधावी बच्चे आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में हमारे जिले का, प्रदेश का और देश का नाम रोशन करेंगे.

## एक नजर में



### कन्यादान की राशि दिलाने ज्ञापन सौंपा

**राहतगढ़.** 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर वार्ड नंबर 15 की पार्षद सीता भारती ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में कन्याओं की विवाह राशि सावन के पहले प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास में आ रही परेशानी को दूर किया जाए. लाडली बहना योजना में नाम जोड़े जाने, नगर में गंदा एवं बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है. वर्षाकाल में ट्यूबवेल का पानी टैंकरो से नगर में सप्लाई किया जाए. इस मौके पर राजू अहिरवार, नंदकिशोर भारती, असलम मंसूरी, मौजूद थे.

### अस्पताल के छत का गिरा प्लास्टर, बचे मरीज

**चिचोली.** स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग अब पूरी तरीके से कमजोर हो गई। गुरुवार शाम के समय अचानक छत से गिरा प्लास्टर उपचार करने आए पेशेंट अचानक हड़बड़ा गया।इस तरह सरकारी अस्पताल में कई बार हादसे हुए चिचोली मुख्यालय पर 40 साल पुराना स्वास्थ्य केंद्र है। यह लगभग 120 से अधिक गांव के के मरीज उपचार करने आते छत का प्लास्टर गिरना लगभग 2 वर्ष से चालू है।कई बार स्वास्थ्य कर्मी घायल हो चुके है।बारिश के दिनों में वार्ड और कमरों के छत से पानी रिसने लगता है तो वार्ड में पानी भर जाता है।अस्पताल किसी बड़ी गंभीर है डॉक्टरों को उपचार करने में बहुत सी आसुविधा होती है। अस्पताल प्रबंधक ने सभी वार्डों के सामने एक सूचना पत्रक लगाया है, जिसमें उल्लेख किया है कि अस्पताल में अधिक समय ना बैठे।अस्पताल की बिल्डिंग जर्जर हालत में है।



### सतधारा इको जंगल कैंप में प्रभारी मंत्री ने किया पौधरोपण

**सलामतपुर, 04 जुलाई.** रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में आए जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सतधारा इको जंगल कैंप में आम का पौधा लगाकर पौधरोपण किया. पौधरोपण कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण प्राकृतिक जंगल कम हो रहे हैं .शहरीकरण और कृषि विस्तार के लिए जंगलों की कटाई हो रही है. उन्होंने कहा कि पेड़ों से बादल आकर्षित होते हैं और अच्छी वर्षा होती है. कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से हुई परेशानियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पेड़ ही प्राकृतिक ऑक्सीजन के स्रोत हैं. सतधारा इको जंगल कैंप में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष, रायसेन कलेक्टर, एसपी और वन विभाग की डीएफओ ने भी पौधरोपण किया.

### रसूलपुर नट टपरा गांव की हालत खराब

**गंजबासौदा.** विधानसभा क्षेत्र के गांव रसूलपुर नट टपरा में अधिकांश गरीब आदिवासी रावत अधिक संख्या में रहते हैं .इस गांव में न तो सड़क है और न बिजली रहती है .अंधेरे में गरीब लोग रहने मजबूर हैं .सड़क की हालत इतनी खराब है की गर्भवती महिलाओं को प्रसूति हो जाती है.

## गेल की चिमनी बनी क्षेत्रवासियों की मुसीबत का कारण

**राघौगढ़.** गैस ऑथरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड गेल विजयपुर से लगभग सवा सौ फीट उचाई की स्टोक चिमनी से यदा-कदा निकलने वाली जली हुई नेचुरल गैस की उठी लपटो से सोमवार रात्री में आसमान से लेकर राधौगढ तक उजाले में बदल गया और लोग पूछने लगे कि आखिर यह क्या है ? जिससे ना केवल वायु पर्यावरण को खतरा बन चुका है बल्कि स्टोक चिमनी से निकलने वाले धुआ और आग के शोलें से राधौगढ असंतुलित पर्यावरण के दुष्परिणाम की चपेट में आ चुका है। लेकिन गेल इंडिया से 37 वर्ष की स्थापना के बाद सी ओ टू रिक्करी प्लांट स्थापित नही हो पाया.

## 77 सालों में नहीं बन पाई 8 सौ मीटर की सड़क



**नवभारत न्यूज**

**पडाना, 04 जुलाई. आजादी के 77 साल बीत जाने के बावजूद भी कहीं गांव बारिश के इन दिनों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की वादा खिलाफी की सजा की भुगत रहे हैं. कहीं गांव में किसानों के पहुंच मार्ग के लिए पक्की सड़क एवं पुल पुलिया के अभाव पड़े हुए हैं.**

शासन ने गांव विकास व किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है. ऐसी स्थिति सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ाना से कोलू खेड़ा ईदगाह मार्ग दूरी करीबन 800 मीटर के दरमियान आजादी के दशक से अभी भी बदहाल पड़ा हुआ है जहां वर्तमान में खरीफ की फसल उपज करने के लिए किसान जगदीश यादव, ओम गुप्ता, राजेश भंडारी, आत्माराम पुष्पक, श्रीनाथ दास गुप्ता, देवचंद पुष्पक, राधेश्याम पुष्पद, मोहन गुप्ता, राम सिंह, डिलेन प्रसाद सोनी सहित अन्य किसानों ने अपने निजी खर्चे से पड़ाना कोलूखेड़ा बादहाल मार्ग पर 40 से 50 ट्रैक्टर मुरम का खर्च कर आवागमन के लिए बनाया जा रहा है.

किसानों का कहना है कि इस मामले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित शासन प्रशासन के नुमाइंदों को भी अवगत कराने के बावजूद भी आजादी के दशक से अभी तक इस मार्ग की हालत नहीं सुधरी.

## रक्तदान बहुत ही श्रेष्ठ कार्य : रविशंकर महाराज

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जुलाई. रक्त ऐसी ईश्वरीय देन है जिसे कृत्रिम रूप से निर्मित नहीं किया जा सकता,किसी मनुष्य के दान से ही इसकी उपलब्धता संभव हो सकती है, इसलिए रक्तदान महादान है.**

यह उद्‌गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में वेदांती आश्रम में रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर व नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. श्री सिंह ने बताया कि महाराज जी की प्रेरणा से ही हमने अपने कार्यालय में नि:शुल्क ब्लड हेल्पलाइन सेवा आरंभ की जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को शीघ्रता से ब्लड उपलब्ध कराया जाता है.



इस अवसर पर रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार ने कहा कि सब कुछ प्राप्त हो सकता पर ब्लड नहीं मिल सकता जब तक कि कोई मनुष्य रक्तदान के माध्यम से रक्त नहीं दे, रक्त दान बहुत ही श्रेष्ठ कार्य है.

## जलभराव की समस्या को लेकर प्रशासन सख्त

**पलेरा, 4 जुलाई. आगामी त्योहारों को देखते हुए बारिश में समस्त वार्डों में जलभराव की समस्या को प्रमुखता से रखा गया था। इसके बाद नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय के निर्देश पर नगर परिषद का स्वच्छता अमला सख्त दिखाई दे रहा है। स्वच्छता कर्मचारियों ने सबसे पहले जहां बारिश होते ही जो जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। उसके कारणों को जानने देखने ओर जलभराव की इस समस्या का कैसे स्थाई निदान हो सकता है। इस पर विचार विमर्श किया।**

जेसीबी मशीन की सहायता से कई जगह पर चैंबर एवं स्वच्छता का कार्य मौके पर कराया। इसके अलावा नगर के वार्ड क्रमांक एक में स्थित गजाधर तालाब के जल निकासी हेतु नगर परिषद द्वारा वर्षा के पूर्व की गई तैयारी के कारण आज जल स्तर बढ़ने के बाद भी जल की निकासी में कोई समस्या नहीं आई है।



नगर के बड़े तालाब से आया ओवरफ्लो का अतिरिक्त पानी खाई नाले से पूर्ण प्रवाह से बह रहा है। नगर परिषद के द्वारा वर्तमान समय में जल स्तर बढ़ने से पूर्व तालाब की दूसरी निकासी की व्यवस्था भी जेसीबी मशीन लगाकर मौके पर कराई जा रही है।

## बारिश ने उजागर की सड़कों की बदहाली

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर. जिले में लगातार हो रहीं बारिश लोगों की परेशानी का सबब बनती जा रहीं है। जिसके कारण जहां किसान अपनी बोवनी करने में पिछड़ते जा रहे है। तो वहीं शहर की सड़के गड्‌ढो में तब्दील होती नजर आ रहीं है। जिसका खामियाजा सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।**

दरअसल जिले में विगत दो दिनों से बारिश का दौर जारी है, जहां गुरूवार की शाम को जमकर बारिश हुई, तो वहीं शुक्रवार सुबह सूर्यदेव के निकलने के साथ ही बारिश शुरू हो गई। इस दौरान जहां सुबह 8 बजे तक रिमझिम बारिश की बौहारे देखने को मिली, तो वहीं उसके बाद करीब आधा घंटे तक झमाझम बारिश हुई। जिससे शहर की सड़के जलमग्न हो गई और सड़कों पर पानी ही पानी नजर आया। इस कारण वाहन चालको को चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## मादक पदार्थ पर रोक लगाने महिलाएं हुईं लामबंद

- गांव में बढ़ती नशे की गतिविधि को देख महिलाएं परेशान
- कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगी कलेक्ट्रेट का घेराव

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा. गांजा, डोडा व अवैध शराब की अवैध बिक्री को लेकर ग्राम पाचोर की महिलाएं सामने आई. ग्रामीण महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी मांगों पर 3 दिन में गौर नहीं किया तो हम** जिला प्रशासन का घेराव करेंगे.

शुक्रवार को तीन दर्जन से अधिक महिलाओं ने सरपंच प्रतिनिधि मोहन सरेआम, कोटवार शंकर लाल मेहरा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंची और उन्हें ज्ञापन सौंपा. ग्रामीण महिलाओं का एक कहना है कि गांव में स्थानीय दुकानों के साथ-साथ बाहर से अवैध रूप से मादक पदार्थ गांव में बिक रहा है. जिससे पुरुषों के साथ नाबालिग बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं. पुरुष जहां नशे के उपरांत परिजनों व ग्रामीणों से लड़ाई-झगड़ा करते हैं. वहीं बच्चे पढ़ने लिखने की उम्र में नशे की चपेट में आ रहे हैं और ज्यादातर बच्चों ने तो पढ़ाई से तौबा कर लिया.



हम महिलाओं ने पहले भी प्रशासन को हमारी पीड़ा से अवगत कराया था. लेकिन प्रशासन ने हमारी एक न सुनी जिसके कारण आज हमें यहां तक आना पड़ा. वहीं बाहर से शराब की बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो गए. अब तो खुलेआम घर-घर जाकर नशीला पदार्थ विक्रय कर रहे हैं. जिससे कई परिवार बिखरने की कगार पर हैं. शराब के लिए पुरुष वर्ग राशन तक बेच रहा है.

**स्थापना दिवस** | स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाया मप्र जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस

## राष्ट्र को परम वैभव पर लाने सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण

- कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रभारी मंत्री
- बच्चों ने जल संरक्षण पर दी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 4 जुलाई. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वेच्छिकता पर्व कार्यक्रम का आयोजन भारत भारती परिसर बैतूल में भव्य रूप से आयोजित किया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, सुधाकर पवार, परिषद के अशासकीय सदस्य बुधपाल सिंग ठाकुर एवं समाजसेवी अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने परिषद को उसके स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और स्व.अनिल माधव दवे को स्मरण करते हुए परिषद द्वारा समाज और शासन को जोड़ने के कार्यों की सराहना की। उपाध्यक्ष मोहन नागर के नेतृत्व में परिषद की भूमिका और कार्यो को प्रेरणास्पद बताया। जल गंगा संवर्द्धन अभियान के जन अभियान परिषद के द्वारा जिले में किये कार्यो की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के शासी निकाय के सदस्य श्री बुधपाल सिंह ठाकुर ने बैतूल के पानी वाले गांवों के नाम से स्वरचित गीत जो जल संरक्षण का संदेश देता है। बैतूल जिले के पलासपानी, महूपानी, नीमपानी जैसे सैकड़ो गांव का नाम जोड़कर जल संरक्षण का संदेश देने वाले गीत को भी सुनाया जो सभी को भा गया।



**जल संरक्षण पर बच्चों ने दी नाटक की प्रस्तुति :** जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री एवं परिषद के उपाध्यक्ष जगदीश देवड़ा तथा उपाध्यक्ष मोहन नागर के संदेशों का वाचन किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। नवांकुर संस्था जय गुरुदेव उत्थान समिति के माध्यम से छोटे बच्चों ने जल संरक्षण पर मनमोहक प्रस्तुति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी।

## बालाजी मंदिर एरिया के जर्जर मकान को तोड़ा

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 04 जुलाई. नगर पालिका के दल ने आज बालाजी मंदिर एरिया में एक जर्जर मकान को जेसीबी मशीन से ढहा दिया, चार अन्य ऐसे मकान के मालिकों को स्वयं ढहाने के लिए मांगने पर वक्त दिया गया है।**

बता दें कि नपा इन लोगों को पूर्व में अपने मकान गिराने का नोटिस दे चुकी थी। जब नोटिस की समयावधि पूरी हुई तो आज नगर पालिका के दल ने पहुंचकर बाजाजी मंदिर चौराह पर मुन्नालाल चौहान का मकान गिराया है।

इसी क्षेत्र में अभिषेक को चौबीस घंटे का वक्त दिया है, जो स्वयं इसे गिराएंगे। इसी तरह से अनिल कुमार शुक्ला मालवीयगंज के मकान में किरायदार निवासरत है, भवन मालिक को स्वयं तोडने् निर्देशित किया है।



इसी दौरान मनजीत सिंह अमरीक सिंह ने स्वयं तोडने् के लिए कहा, जिसे तोडने् को कहा गया। मांगीलाल जैन ने सात दिनों के भीतर मकान की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। दी गई मियाद में यदि ये लोग मकान को नहीं गिराते या मरम्मत नहीं कराते हैं तो नगर पालिका स्वयं इन मकानों को गिराने की कार्रवाई करेगी।